Photography Day (19-08-2025)

Date: 19|08|2025.

आज दिनांक 19 अगस्त 2025 को राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशैहर की रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस 2025 के अवसर पर एक भव्य फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। अपने उद्घाटन भाषण मैं डॉ. बासोतिया ने कहा कि "फोटोग्राफी सिर्फ खूबसूरत नजरों को कैद करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सामाजिक बदलाव की दिशा में एक शक्तिशाली उपकरण भी है।" उन्होंने युद्ध, पर्यावरण और सामाजिक असमानताओं जैसे गम्भीर विषयों को उजागर करने मे फोटोग्राफरों की भूमिका को सराहा।

प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने-अपने उत्कृष्ट फोटोग्राफ प्रदर्शित किए। निर्णायक मण्डल ने चयन प्रक्रिया के बाद निम्नलिखित विजेताओं की घोषणा की।

- प्रथम स्थान : आर्यन
- द्वितीय स्थान : मेहूल
- तृतीय स्थान : योमीता

कार्यक्रम में रोवर्स लीडर डॉ. सतपाल ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया, जबकि रेंजर्स लीडर प्रो. अनुराधा नेगी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. अनुराधा कनैन, डॉ. शिवाली ठाकुर और प्रो. नोरबू निर्णायक मण्डल के रूप मे उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त रेंजर लीडर मन्नत, रोवर लीडर आशीष तथा रोवर और रेंजर इकाई के अन्य सदस्य भी इस आयोजन मे शामिल हुए।

Shimla,Himachal
Pradesh,India
Ambala Kalka Shimla Wangtoo Kaurik
Chaura Road, Rampur, Shimla, Himachal
Pradesh 172001, India
Lat 31.455531, Long 77.641242
08/19/2025 03:23 PM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera